तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 10.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026



12 निजी मोबाइल से हाजिरी निजता का हनन, एप...



12 आधार आधारित बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस ...






## खबर संक्षेप

### प्रवास के दौरान विधायक सावित्री ने की जनचर्चा



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के दमकसा प्रवास के दौरान विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने दमकसा चौक में क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से परिचर्चा की। परिचर्चा के दौरान 17 एवं 18 जनवरी को विकासखंड अंतर्गत ग्राम गुडफेल में आयोजित होने वाले कोलांग महोत्सव की तैयारियों को लेकर विधायक को आमंत्रित किया। आयोजकों एवं ग्रामीणों ने महोत्सव के महत्व, उसकी सांस्कृतिक पहचान और क्षेत्रीय सहभागिता की जानकारी विधायक को दी। विधायक ने कोलांग महोत्सव में शामिल होने की स्वीकृति दी।

### ग्राम कच्चे का जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर।** जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम कच्चे के हायर सेकेण्डरी स्कूल में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार बुधवार 7 जनवरी को आयोजित था। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

## आरोप : संबलपुर के बूथ एजेंट ने बीएलओ पर फर्जी हस्ताक्षर करने का लगाया आरोप

# एसआईआर में केसेकोड़ी सरपंच का नाम मतदाता सूची से हुआ गायब, मचा हड़कंप


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- एसडीएम ने कहा कि सरपंच का नाम केटेगरी सी में आने से बनी भ्रम की स्थिति

लोकतंत्र की बुनियाद मानी जाने वाली मतदाता सूची यदि संदेह के घेरे में आ जाए, तो केवल एक गांव या क्षेत्र नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां बूथ लेवल ऑफिसर पर मतदाता सूची में फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि नियमों को ताक पर रखकर बीएलओ ने नाम जोड़ने-काटने की प्रकिया को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में पखांजुर एसडीएम को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। एसडीएम को लिखित में शिकायत करने वाले संबलपुर निवासी राजेश दुग्गा ने बताया कि मैं भारतीय जनता पार्टी का संबलपुर मतदान केंद्र का एजेंट हूँ। संबलपुर के बीएलओ शिक्षक कमलेश रावटे ने मेरे नाम और पद का दुरुपयोग किया है और मेरा फर्जी हस्ताक्षर किया गया है। राजेश दुग्गा का कहना है कि उन्होंने कहीं भी हस्ताक्षर नहीं किए थे, फिर भी उनके नाम का उपयोग कर दस्तावेजों में हेराफेरी की गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में 34 से ज्यादा ऐसे लोगों के नाम शामिल हैं, जो वास्तव में सूची में होने ही नहीं चाहिए थे, इसके अलावा ▶▶ शेष पेज 10 पर

### मतदाता सूची जांच करने पर हुआ खुलासा

शिकायतकर्ता राजेश दुग्गा का कहना है कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना होता है, ताकि योग्य मतदाता ही सूची में शामिल हों और अपात्र नाम हटाए जा सकें। बीएलओ के द्वारा इस प्रकिया का पालन नहीं किया गया है। उसके द्वारा मनमानी करते हुए मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया है। इससे यह आशंका गहराती है कि मतदाता सूची में जानबूझकर हेरफेर किया गया है। नाम जोड़ने और हटाने की यह प्रक्रिया इतनी तेजी और लापरवाही से की गई कि स्थानीय लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। ग्रामीणों ने जब सूची की जांच की, तब जाकर यह चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।



### फाइलों में सक्रिय, फर्जी हस्ताक्षर

शिकायतकर्ता ने शिक्षक सह बीएलओ कमलेश रावटे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उक्त शिक्षक पिछले 01 माह से स्कूल नहीं पहुँचे है। इसके बावजूद एसआईआर के नाम पर स्कूल और अन्य प्रशासनिक कार्यों में उनके फर्जी हस्ताक्षर चल रहे हैं। काम में भारी लापरवाही बरती जा रही है। यह सीधे तौर पर प्रशासनिक अनुशासनहीनता और धोखाधड़ी का मामला प्रतीत होता है।

### ग्रामीणों में आक्रोश निष्पक्ष जांच की मांग

इस खुलासे के बाद संबलपुर और आसपास के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि एक जिम्मेदार शिक्षक एसआईआर में गड़बड़ी करेगा, तो चुनाव की निष्पक्षता पर भरोसा कैसे किया जा सकता है। शिकायतकर्ता ने अनुविभागीय अधिकारी से इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करने और दोषी बीएलओ के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

### आरोप निराधार है, नाम नहीं काटा गया

पखांजुड एसडीएम टीकाराम देवांगन ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि शिकायत आवेदन की प्रारंभिक जाँच करवाया गया है, ऐसा कुछ नहीं है। सरपंच का नाम अंतरिम मतदाता सूची में इसलिए नहीं है कि उनका नाम कैटेगरी सी में आया है, इसकी जानकारी उनको नहीं है। भ्रम की स्थिति बनी हुई है, इसलिए यह आरोप लगाया गया है। कैटेगरी सी में नाम आ जाने पर उनको अब नोटिस दिया जाएगा और नोटिस के बाद दस्तावेज प्रस्तुत करने के उपरांत नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा।

## दो सगे भाइयों ने बुजुर्ग पड़ोसी पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



- जमीन विवाद में हुए बेकाबू, मामला दर्ज

नावडबरी में दो सगे भाइयों ने अपने ही पड़ोसी पर जानलेवा हमला कर दिया। अगर समय रहते परिवार और ग्रामीण बीच-बचाव नहीं करते, तो यह मामूली विवाद एक बड़े हादसे में बदल सकता था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नावडबरी निवासी रिखीराम मंडावी पिता स्व. बन्नूराम मंडावी ने चौकी हल्बा में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि 3 जनवरी की शाम करीब 7 बजे वे अपने घर की परछी में बैठे हुए थे। इसी दौरान जमीन विवाद की बात को लेकर उनके पड़ोसी मनोज मंडावी पिता बद्दूराम मंडावी और जालम मंडावी पिता बद्दू राम मंडावी वहां पहुंचे। दोनों भाइयों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी और जबरन घर से बाहर निकालकर हाथ-मुक्कों से बेरहमी से मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान रिखीराम मंडावी के हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। उनकी चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। पीड़ित ने बताया कि यदि समय रहते लोग नहीं आते तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

### पुलिस ने शुरू की विवेचना

घटना के बाद पीड़ित ने अपने परिवार और बेटे से सलाह लेने के बाद 5 जनवरी को चौकी हल्बा पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी मनोज मंडावी और जालम मंडावी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2), 351(3) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर, विवेचना शुरू कर दी है।

### मां परमेश्वरी महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक



**चारामा।** नगर देवांगन समाज द्वारा आदिशक्ति माता जगत जननी कुलदेवी मां परमेश्वरी महोत्सव 23 जनवरी को सुबह 9 बजे मां परमेश्वरी मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह 10 बजे मां परमेश्वरी मंदिर से बाइक रैली निकाली जाएगी, जो पूरे नगर का भ्रमण करेगी। बच्चों, महिलाओं तथा युवक-युवतियों के लिए विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शाम 4 बजे मां परमेश्वरी मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

## चारभाठा और घोठा में गांजा बेचने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



- चारभाठा में पौने 2 किलो और घोठा में 600 ग्राम गांजा हुआ जब्त

जिले के चारामा और भानुप्रतापपुर पुलिस ने सूखा नशा गांजा को बेचने वाले आरोपियों को दबोचा है। आरोपियों के पास से गांजा जब्त करते हुए गांजा सप्लाई करने वालों के बारे में पुलिस ने पूछताछ किया है। सूखा नशा सप्लाई करने वालों की तलाश में पुलिस जुट गई है।

जानकारी के अनुसार चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि चारभाठा में सूखा नशा गांजा की बिक्री हो रही है। चारामा पुलिस ने खबर की तस्दीक करने के उपरांत एनडीपीएस एक्ट के कड़े प्रावधानों का पालन करते हुए पुलिस टीम ने गवाहों की उपस्थिति में चारभाठा के गौरा चौक स्थित एक पुराने मकान को घेराबंदी किया और संदिग्ध 59 वर्षीय युवत लाल बंजारा को धारा 50 का नोटिस देकर तलाशी लेने की सहमति ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पुराने मकान के बीच वाले कमरे से एक सफेद मटमैला थैला बरामद हुआ। थैले की जांच करने पर उसमें प्लास्टिक की झिल्ली में भरा 1.780 किलोग्राम (कुल वजन 2.233 कि.ग्रा.) मादक पदार्थ गांजा पाया गया। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 89 हजार रूपएं आंकी गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी युवत लाल बंजारा ने स्वीकार किया कि उसने यह ▶▶ शेष पेज 10 पर

### घोठा में गांजा बेचने वाला आरोपी पकड़ा गया



**भानुप्रतापपुर।** पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि घोठा ग्राम में एक युवक गांजा बेचता है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत ग्राम घोठा डोंगरीपारा में संदिग्ध युवक 35 वर्षीय जयसिंह मरकाम पिता स्व. बैसाखूराम मरकाम को पकड़ा। तलाशी लेने पर प्लास्टिक थैले के अंदर दो अलग-अलग प्लास्टिक झिल्ली में रखा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। तौल करने पर थैला सहित गांजा का वजन 643 ग्राम, सूखा गांजा 236 ग्राम, नमीयुक्त गांजा 380 ग्राम, कुल शुद्ध गांजा 616 ग्राम जब्त किया गया।

## गिरदावरी में रकबा कम किए जाने से जाड़ेकुर्से के किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

- टोकन लेने में हो रही गड़बड़ी
- किसानों ने की सुधार करने की मांग

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम जाड़ेकुर्सी के किसानों ने गिरदावरी में रकबा कम दर्ज किए जाने से उत्पन्न समस्या को लेकर दुर्गुकोंदल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि उनके खेतों का वास्तविक रकबा अधिक होने के बावजूद राजस्व रिकॉर्ड में इसे कम दर्शाया गया है, जिससे धान खरीदी टोकन में गंभीर गड़बड़ी सामने आ रही है। किसानों ने बताया कि गांव के लगभग 80 किसानों को टोकन में मात्र 40 से 50 किलो धान बेचने की पात्रता दी जा रही है, जबकि उनके खेतों में उत्पादन कहीं अधिक है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। धान खरीदी की समय-सीमा सीमित होने के कारण किसान अपनी उपज समय पर बेच पाने को लेकर गहरी चिंता में हैं। किसान नरसूराम, रामलाल राम, जीप्रभु राम, वजन सिंह और पनऊ राम ने बताया कि पूर्व वर्षों में उनके खेतों का रकबा सही दर्ज था, लेकिन इस वर्ष बिना किसी भौतिक सत्यापन के अचानक रकबा कम कर दिया गया। किसानों का कहना है कि सरकारी रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति में भारी अंतर होने के कारण वे अपनी पूरी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने से वंचित हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे पहले भी संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। रकबा कम होने के कारण खरीदी केंद्रों में टोकन के अनुसार ही धान लिया जा रहा है, जिससे मजबूर होकर किसानों को खुले बाजार में कम दाम पर धान बेचना पड़ रहा है।

### सुधार नहीं तो करेंगे आंदोलन

तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि गिरदावरी में दर्ज रकबे का शीघ्र सुधार कर वास्तविक रकबे के अनुसार धान खरीदी टोकन जारी किए जाएं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि धान खरीदी से पूर्व रकबा सुधार नहीं किया गया, तो ग्राम जाड़ेकुर्सी के सभी किसान लेम्पस लोहत्तर धान खरीदी केंद्र के सामने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### ग्रापं राऊरवाही में कल लगेगा देव मड़ई मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राऊरवाही में 8 जनवरी को पारंपरिक देव मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले की प्रमुख विशेषता रात्रिकालीन नाचा पार्टी की प्रस्तुति रहेगी, जिसमें चारामा के साल्हे टोला से प्रसिद्ध नाचा दल भूपेश प्रकाश अपनी सशक्त लोकनृत्य प्रस्तुति देगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गांव के पुजारी विश्राम कोमरा, मेहलाल उयके एवं ओमप्रकाश कोमरे ने बताया कि मेले की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और ग्रामीणों में इसे लेकर खासा उत्साह है।






## धान उठाव नहीं होने से किसान हो रहे हैं हलाकान

# दबेना और बुदेली में धान खरीदी पर लगा ब्रेक, बफर लिमिट पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना



विकासखंड नरहरपुर के धान खरीदी की रफ्तार पर अचानक ब्रेक लग गया है। लगातार धान का उठाव नहीं होने और भंडारण की जगह पूरी तरह भर जाने के कारण आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दबेना और बुदेली में कल से धान खरीदी बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले से क्षेत्र के किसानों में चिंता और असमंजस का माहौल बन गया है, क्योंकि खरीफ की मेहनत अब मंडियों के बाहर अटकती नजर आ रही है।

नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत संचालित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दबेना में लंबे समय से धान का उठाव नहीं होने के कारण केंद्र पर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। समिति के प्रबंधक इलास मरकाम एवं किसानों ने बताया कि खरीदी केंद्र की पूरी जगह धान से भर चुकी है और अब नए धान के भंडारण की कोई व्यवस्था शेष नहीं है। मजबूरी में समिति प्रबंधन ने कल से धान खरीदी बंद करने का निर्णय लिया है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते धान का उठाव शुरू नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं। इसी तरह आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बुदेली में भी धान उठाव की धीमी प्रक्रिया ने संकट खड़ा कर दिया है। समिति प्रबंधन लखन बघेल और किसानों ने बताया कि बुंदेली उपार्जन केंद्र की निर्धारित बफर लिमिट 9600 क्विंटल है, जबकि यहां बफर लिमिट से दोगुना से भी अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। परिणामस्वरूप केंद्र में धान रखने के लिए जगह का भारी अभाव हो गया है, जिससे खरीदी बंद करने की नौबत आ गई। किसानों ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र धान का उठाव सुनिश्चित कराया जाए, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारु रूप से जारी रह सके और किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

### किसानों की बढ़ने लगी चिंता

धान खरीदी बंद होने की खबर से क्षेत्र के किसानों में चिंता बढ़ गई है। किसान अपनी उपज बेचने के लिए इन्हीं खरीदी केंद्रों पर निर्भर हैं, लेकिन उठाव और परिवहन की सुस्त व्यवस्था के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में नरहरपुर क्षेत्र में धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होने वालों को कलेक्टर ने किया नोटिस जारी

**कांकेर।** प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने तथा लोक सेवकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आधार आधारित बॉयोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है। इसके परिपालन में जिला कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पंजीयन किया गया है। 1 जनवरी 2026 से आधार लिंक्ड बॉयोमेट्रिक प्रणाली से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जा रही है। जिला कार्यालय एवं परिसर में स्थित कार्यालयों में 295 अधिकारी-कर्मचारियों की सूची पंजीबद्ध है, जिनमें से 165 कर्मचारी-अधिकारी निर्धारित समय उपस्थिति सुनिश्चित कर रहे हैं, जबकि 29 अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति एप में निर्धारित समय के पश्चात दर्शाई जा रही है। इसके अलावा 101 अधिकारी-कर्मचारियों का पंजीयन के बाद भी इसमें उनकी बॉयोमेट्रिक उपस्थिति प्रदर्शित नहीं हो रही है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नियत समय के पश्चात उपस्थिति देने वाले 29 लोक सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही पंजीयन पश्चात भी उपस्थिति सूची में प्रदर्शित नहीं होने वाले 101 अधिकारी-कर्मचारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुनः सभी शासकीय सेवकों को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समय में उपस्थित रहकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें।

### आधी रात को मां-बेटी से मारपीट, दो पर जुर्म दर्ज

**कांकेर।** आधी रात को पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 55 पंप नंबर 7 में मोहल्ले के दो लड़के घर में सो रही माॅ और बेटी आवाज देने लगे। पति के बारे में पूछताछ किया और पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगे। आरोपियों ने महिला की बेटी को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 55 पंप नंबर 7 पखांजुर निवासी 35 वर्षीय सविता सरकार पति तपन सरकार ने पुलिस को बताया कि मेरे दो लड़के एवं एक लड़की पूजा सरकार। मै 4 जनवरी को रात लगभग 11 बजे अपनी लड़की के साथ घर में सोई थी। तभी हमारे मोहल्ले के साहेब, मना दोनों आए और मेरे पति का नाम लेकर आवाज दे रहे थे। अपनी लड़की पूजा सरकार के साथ उठकर घर के बाहर आई। उन दोनों ने मेरे पति को कहां है करके पूछने लगे। तब बताई कि बाहर काम करने गया है। इतने में दोनों पुराने विवाद को लेकर हम लोगों को गाली देने लगे। पूजा को साहेब और मना दोनों हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से खत्म कर देंगे की धमकी दे रहे थे। मैं चिल्लाई तो दोनों वहां से भाग गए। मारपीट से बांए ऊंगली, पीठ में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी साहेब विश्वास और मना दास के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# देव दियारी पर करनपुर में सजा लोककला का रंगारंग मंच

## युवा समिति के आयोजन में राज्यस्तरीय कलाकारों सहित स्थानीय प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपुर के नयापारा में देव दियारी पर्व के शुभ अवसर पर युवा समिति के तत्वावधान में 4 जनवरी को भव्य रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक आस्था, लोकसंस्कृति और मनोरंजन का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्यस्तरीय आमंत्रित कलाकारों के साथ–साथ स्थानीय एवं नन्हे बाल लोक कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हल्बी, गोंडी, देशभक्ति गीतों और पारंपरिक नृत्यों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

### स्थानीय कलाकारों ने बढ़ाया कार्यक्रम का आकर्षण

कोंडागांव के उभरते युवा लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत स्वरचित गीत लंदा बीतीन बाई, मामा चो बेटी, हल्बी एवं गोंडी गीतों के साथ देशभक्ति और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। आयोजक युवा समिति के अध्यक्ष जंगलू राम कश्यप ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से ग्रामीण अंचलों में मनोरंजन के साथ–साथ स्थानीय कला, संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण होता है, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ती है।



### ये रहे विजेता

सामूहिक वर्ग में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए लोककला मंच पुरवइया डांस ग्रुप, विश्रामपुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 11,500 का पुरस्कार जीता। एकता डांस ग्रुप, चित्रकोट लोहंडीगुड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 7,500 का पुरस्कार हासिल किया। किरन के मया डांस ग्रुप, भानपुरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। युगल वर्ग में मया मा दिवाना डांस ग्रुप, कोंडागांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं एकल नृत्य वर्ग में बिंदु सोरी ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया।

### इनकी रही उपस्थिति

*कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामचन्द्र कश्यप भाजपा जिला महामंत्री, सुश्री महादई कश्यप सरपंच करनपुर, फरसू राम नेताम जनपद सदस्य सहित शिक्षक, समाजसेवी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में जनसमुदाय उमड़ा, जिससे आयोजन ऐतिहासिक बन गया। देव दियारी के इस सांस्कृतिक आयोजन ने करनपुर को लोककला और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत केंद्र बना दिया।*

## आयोजन: 10 निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन, ग्रामीण अधोसंरचना को मिलेगी मजबूती

# वन मंत्री ने दी पुसपाल में 11.18 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

## ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं सरकार की प्राथमिकता:कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मर्दापाल तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पुसपाल में मंगलवार को वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री केदार कश्यप ने 11 करोड़ 18 लाख 21 हजार रुपये की लागत से प्रस्तावित 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। ये कार्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और जनसुविधाओं के विस्तार में अहम भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। सरकार की पहली प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर जोर है। मंत्री श्री कश्यप ने बस्तर पंडूम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन आदिवासी कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि परंपराएं सुरक्षित रहेंगी तो प्रकृति और पहचान भी सुरक्षित रहेगी।





### मतदाता सूची अद्यतन में सहभागिता की अपील–

इस अवसर पर मंत्री ने निर्वाचन विभाग द्वारा संचालित एसआईआर के द्वितीय चरण की जानकारी देते हुए कहा कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम ने कहा कि शासन द्वारा स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता, गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन तथा जनसमस्याओं के समाधान हेतु समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### विकास कार्य प्रदेश की प्रगति का प्रमाण : जिपं सदस्य

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और पुसपाल में हुए भूमिपूजन इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

# धान के परिवहन शुरू होने से किसानों की चिंता हुई दूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- प्रभारियों को सूखत से राहत की उम्मीद

परलकोट क्षेत्र में धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव और परिवहन शुरू होने से पिछले कई दिनों से बना असमंजस अब खत्म होता नजर आ रहा है। शासन द्वारा परिवहन की गति बढ़ाए जाने से न केवल किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, बल्कि खरीदी केंद्र प्रभारियों ने भी राहत की सांस ली है।

किसानों का मानना है कि धान का उठाव तेजी से होने पर उनकी पूरी उपज जल्द से जल्द खरीदी जा सकेगी। इससे उन्हें उचित मूल्य का भुगतान समय पर मिल पाएगा, जिससे वे अपनी आगामी खेती और घरेलू जरुरतों को पूरा कर सकेंगे। खरीदी केंद्रों पर धान का स्टॉक जमा होने से सबसे बड़ी समस्या सूखत की थी। धान के खुले में ज्यादा दिनों तक रखे रहने से नमी कम हो जाती है, जिससे वजन घट जाता है। इसका आर्थिक बोझ केंद्र प्रभारियों पर पड़ता है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार परिवहन के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रकों की व्यवस्था की गई है ताकि खरीदी केंद्रों पर धान का अंबार न लगे। मिलर्स और संग्रहण केंद्रों तक धान पहुँचाने की प्रक्रिया को और तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। धान का उठाव शुरू होने से हमें बहुत सहारा मिला है। अब हम बिना किसी डर के किसानों से धान खरीद सकेंगे और वजन में आने वाली कमी का जोखिम भी कम होगा।

# भानुप्रतापपुर व्यापारी संघ चुनाव, राकेश बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर व्यापारी संघ का चुनाव 2026 बड़ी ही शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति और कड़ी पुलिस सुरक्षा सुनिश्चित रही। चुनाव प्रचार से लेकर मतगणना तक की प्रक्रिया में अनुशासन और निष्पक्षता साफ झलकती रही।

मतदान की प्रकिया दिनभर चलने के उपरांत मतगणना शुरू हुई। मतगणना में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राकेश रमानी को 226 वोट, उनके प्रतिद्वंदी नरेश जैन को 168 वोट मिले, वहीं 2 वोट रिजेक्ट हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए अनूप चौधरी को 209 वोट, प्रतिद्वंदी अनूप दास को 182 वोट मिले, वहीं 5 वोट रिजेक्ट हुए। कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अंशुल जोशी को 216 वोट, कपूरचंद जैन को 178 वोट वहीं रिजेक्ट 2 वोट हुए। सचिव पद के प्रत्याशी विशाल आहूजा को 219 वोट, प्रतिद्वंदी विजय जैन को 176 वोट वहीं 1 वोट रिजेक्ट हुआ। सह-सचिव पद के प्रत्याशी गौरव नशीने को 221 वोट, प्रतिद्वंदी राजेश साहू को 171 वोट, वहीं 04 वोट रिजेक्ट हुए। परिणामों ने स्पष्ट रूप से विजेताओं को आगे लाकर व्यापारियों के बीच उत्साह भर दिया। व्यापारियों और विजेताओं के समर्थकों में परिणाम घोषित होते ही उत्साह का माहौल देखा गया। इस प्रकार, भानुप्रतापपुर व्यापारी संघ चुनाव 2026 ने एक आदर्श, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव का उदाहरण प्रस्तुत किया।

### संरक्षक और चुनाव समिति की भूमिका रही सराहनीय

इस चुनाव को सफल और निष्पक्ष बनाने में संरक्षक मंडल और चुनाव संचालन समिति का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। आमसभा में सर्वसम्मति से नियुक्त संरक्षक अनंत गोपाल कोठारी, जीवनचंद जैन और मोहन हल्द्वानी के मार्गदर्शन में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न हुई।

### इन्होंने कायम रखी निष्पक्षता

चुनाव संचालन समिति के सदस्यअभिषेक पांडे, भगत शांडिल्य, नमन झाबक जैन, आदित्य गोलानी, नरेंद्र साबले, लक्ष्मण माखीजा, प्रसन्न गांधी, परवेज शेखानी, यश कथूरिया और सन्नी सामनानी ने नामांकन से लेकर मतगणना तक हर चरण में निष्पक्षता और जिम्मेदारी का परिचय दिया।



### राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच का हवाला देकर बीएलओ के साथ अभद्रता

**पखांजुर।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत घर-घर जाकर नोटिस वितरण और मतदाता सूची के सत्यापन में जुटे बूथ लेवल अधिकारियों के साथ अभद्रता और धमकियों के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। क्षेत्र के सभी बीएलओ ने अब इस उत्पीड़न के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बीएलओ संघ का आरोप है कि कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता और तन्मयता के साथ अतिरिक्त समय देकर कार्य पूर्ण कर रहे हैं, लेकिन कुछ नागरिक अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच का हवाला देकर उनके साथ गाली-गलौज और जान से मारने तक की धमकी दे रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में भी ऐसी घटनाओं की जानकारी विभाग को दी गई थी, परंतु कोई ठोस कार्यवाही न होने से दबंगों के हौसले बुलंद हैं। कर्मचारियों ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि यदि अभद्रता करने वालों पर कठोर कानूनी कार्यवाही नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से कार्य का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन में यह मांग भी उठाई गई है कि बार-बार व्यवधान डालने वाले असामाजिक तत्वों की नागरिकता और दस्तावेजों की गहनता से जांच की जाए। इस संबंध में केतन लाल भुआर्य तहसीलदार पखांजुर का कहना है कि मेरे पास बीएलओ द्वारा आवेदन आया है, थाना प्रभारी पखांजुर को आवेदन का अंतरण किया है।

# मानव जीवन के कई जन्मों के बाद ही देवी भागवत सुनने का मिलता है सौभाग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर





नगर में श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन पंडित देवव्रत शास्त्री, भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य सिहावा द्वारा किया गया। कथा स्थल पर महिलाओं की भारी भीड़ उपस्थित रही, जिन्होंने देवी भागवत कथा का रसपान किया। कथा के चौथे दिवस मंगलवार को शिव-पार्वती मंगल, चराचर जगत पर दिव्य शक्ति की कृपा के साथ-साथ महालक्ष्मी, महाकाली और महासरस्वती की मनमोहक झांकियाँ भी दिखाई गईं। कथावाचक पंडित देवव्रत शास्त्री ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में बताया कि मानव जीवन के कई जन्मों के बाद ही देवी भागवत सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि देवी भागवत कथा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक चमत्कारी कथा है जिससे रोग और शोक दोनों समाप्त हो जाते हैं और जीवन में केवल सुख की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा संसार में इतने काम पड़े हैं कि मानव परमात्मा को भूल जाता है। बेटा एक कुल को, तो बेटी दोनों कुलों को तारती है। धन्य है वह माँ जिसने बेटी जन्म दिया। जीवन बहुत छोटा है, फिर भी लोग संतों की संगति पर नहीं, बल्कि मोबाइल पर अधिक ध्यान देते हैं। कथा श्रवण मात्र से ही जीवन का उद्धार संभव है। समाज के हित के लिए समय पड़े तो अपने आप को भी समर्पित कर सकता हूँ। भव्य देवी भागवत महापुराण कथा ने क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना की नई लहर पैदा कर दी है।

पंडित शास्त्री ने बताया कि महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित 18 पुराणों में देवी भागवत महापुराण को विशेष स्थान प्राप्त है। यह कथा माँ भगवती परम शक्ति महामाया के दिव्य चरित्र, लीलाओं और उनके कृपा प्रभावों का अनुपम वर्णन करती है। कथावाचक ने आगे कहा कि देवी भागवत कथा का श्रवण करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है, जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, पितरों को सद्गति प्राप्त होती है, और पितृ दोष से पीड़ित परिवारों को विशेष लाभ मिलता है। यह कथा कई पीढ़ियों को संवारने वाली और जीवन की विपत्तियों से उबारने वाली मानी गई है। उन्होंने समाज निर्माण की दिशा में प्रेरक पहल का उदाहरण देते हुए भानुप्रतापपुर में चल रहे बेटा बचाओ अभियान का उल्लेख किया। र इसे युवाओं को सही मार्ग पर चलने तथा जीवन सफल बनाने के लिए प्रेरक बताया। पंडित शास्त्री ने कहा जब व्यक्ति अपनी भीतर की शक्ति को पहचान लेता है, तब उसे जीवन का सच्चा आनंद, शांति और संतोष प्राप्त होता है।

## चौक–चौराहों पर जनसंवाद, रंगोली व निबंध सहित अन्य प्रतियोगिताएं होंगी

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- शहर में निकाली गई बाइक हेलमेट रैली
- लोगों में जागरुकता बढ़ाने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से किया गया

सामान्य जनमानस में यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का शुभारंभ आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय से किया गया। इस अवसर पर यातायात नियमों के पालन का संदेश देते हुए बाइक हेलमेट रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चन्द्रा के मार्गदर्शन में किया गया। उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती स्निग्धा सलामे रा.पु.से. द्वारा हरी झंडी दिखाकर बाइक हेलमेट रैली को रवाना किया गया। रैली के माध्यम से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने एवं सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव, उप पुलिस अधीक्षक के.पी. मरकाम सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बाइक हेलमेट रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर रायपुर नाका, जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड, बांधा तालाब, मर्दापाल चौक होते हुए पुलिस लाइन चिखलपुटी में संपन्न हुई। रैली के दौरान यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित एवं नियंत्रित गति से वाहन चलाने तथा अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने का संदेश दिया गया।





### पूरे माह चलेंगे जन-जागरुकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जिले भर में पूरे माह विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें प्रमुख रूप से स्कूल एवं कॉलेजों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम चौक–चौराहों पर जनसंवाद एवं हेलमेट रैली रंगोली, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं लर्निंग लाइसेंस कैंप वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इन सभी कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति सजग एवं जागरूक बनाना तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सुरक्षित सड़क और सुरक्षित जीवन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटा में गिरफ्तार, गया जेल

**कांकेर।** हल्बा चौकी क्षेत्र से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए त्वरित कार्यवाही किया और आरोपी अजीत उसेंडी को 24 घंटा के भीतर गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया। पीड़िता ने 5 जनवरी को पुलिस को बताया कि गितरपहर निवासी अजीत उसेंडी द्वारा शादी का झांसा देकर 25 अगस्त 2023 से लगातार दुष्कर्म कर रहा है। मेरे द्वारा शादी करने की बात जब कही गई, तो शादी करने से मना करने लगा। शिकायत पर चौकी हल्बा थाना नरहरपुर में अपराध क्रमांक 06/2026 धारा 69 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।



मामले कि गंभीरता को देखते हुए दुष्कर्म के आरोपी हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम गितपहर मंडलपारा निवासी 28 वर्षीय अजीत उसेंडी पिता स्व. राजेश्वर उसेंडी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी अजीत उसेंडी के पर्याप्त सबूत पाए पाये जाने पर 6 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय कांकेर पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

## पेज 9 के शेष

### एसआईआर में केसेकोड़ी...

सूची में कई मृत व्यक्तियों के नाम भी शामिल कर दिए गए है। इसके अलावा वर्तमान केसेकोड़ी सरपंच फूलबंती उसेण्डी का नाम भी कथित तौर पर काटा गया है या उसमें गड़बड़ी की गई है।

सरपंच संबलपुर की निवासी है और संबलपुर केसेकोड़ी पंचायत का आश्रित ग्राम है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले चुनावों में इसका गलत फायदा उठाया जा सकता है। यही कारण है कि उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### चारभाठा और घोठा...

गांजा कुछ दिन पूर्व एक अन्य व्यक्ति से मात्र 6,000 रुपये में बिक्री के उद्देश्य से खरीदा था। पुलिस अब उस मोबाइल नंबर और सप्लायर की भी जांच कर रही है जिससे यह खेप मंगवाई गई थी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक सोनराज सूर्यवंशी के साथ उनि नारायण साहू, आरक्षक मुनाफ यादव, अमरेश पन्ना और डीएसएफ आरक्षक शंकर खुटे की सराहनीय भूमिका रही।

# 18 करोड़ का चावल बर्बाद, जनता की सेहत से खिलवाड़ : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

■ गीदम वेयरहाउस घोटाले पर विधायक का हमला



दंतेवाड़ा जिला के गीदम वेयरहाउस से सामने आया मामला केवल लापरवाही नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से सीधा खिलवाड़ और गरीबों के हक पर डाका है। लगभग 18 करोड़ रुपये मूल्य का चावल जांच में खाने योग्य नहीं पाया गया, वहीं 30 हजार क्विंटल चावल पीडीएस आपूर्ति से संबंधित बताया जा रहा है। इस गंभीर मामले को लेकर विधायक लखेश्वर बघेल ने खाद्य मंत्री दयालदास बघेल को पत्र लिखकर प्रदेश के सभी शासकीय गोदामों एवं वेयरहाउस में संग्रहित चावल की तत्काल जांच, सत्यापन और वैज्ञानिक परीक्षण की मांग की है। विधायक ने तीखे शब्दों में कहा कि जो चावल जांच में खाने योग्य नहीं पाया गया, उसे मशीन से साफ कर दोबारा वितरण करने की सोच जनता के स्वास्थ्य के साथ सीधा अपराध है। यह गरीब, आदिवासी और बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी अमानक चना और गुड़ का वितरण तथा मध्याह्न भोजन योजना में घटिया चावल दिए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। आज वही लापरवाही गीदम वेयरहाउस में उजागर हुई है, जो बताती है कि यह समस्या केवल एक जिले तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे बस्तर संभाग में फैली गंभीर व्यवस्था-जनित विफलता है। उन्होंने कहा कि जगदलपुर विधानसभा अंतर्गत गारावंड वेयरहाउस एवं बस्तर दशहरा जैसे ऐतिहासिक आयोजन के लिए प्रदाय चावल के अमानक पाए जाने की खबरें पहले ही व्यवस्था की पोल खोल चुकी हैं।

लखेश्वर बघेल ने सरकार से साफ शब्दों में मांग की है कि प्रदेशभर के सभी वेयरहाउस व शासकीय गोदामों में रखे चावल की स्वतंत्र, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराई जाए। अमानक, सड़ा-गला और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक चावल का वितरण तुरंत रोका जाए, दोषी अधिकारियों, ठेकेदारों और एजेंसियों पर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि पीडीएस हितग्राहियों, स्कूली बच्चों और आम जनता के स्वास्थ्य से कोई समझौता न हो।

उन्होंने कहा कि अगर गरीबों को सड़ा-गला चावल खिलाने की कोशिश हुई, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। सड़क से सदन तक संघर्ष होगा। कांग्रेस पार्टी जनहित, जनस्वास्थ्य और गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से आवाज उठाती रहेगी।

## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक



**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के एसआई कार्यक्रम के तहत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रति सप्ताह बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि दावा आपत्ति की प्रक्रिया से समय-समय पर अवगत कराया जा सके। उक्त निर्देशों के परिपालन में आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को साप्ताहिक दावा आपत्ति की स्थिति की जानकारी दी गई। साथ ही प्रारूप 9, 10, 11, 11। एवं 11 की हार्ड कॉपी भी उपलब्ध कराई गई। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं के संबंध में ईआरओ, एईआरओ, एएईआरओ द्वारा नोटिस जनरेट कराए गए हैं, जिन्हें बीएलओ के माध्यम से संबंधित मतदाताओं को वितरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, निर्धारित सुनवाई की तिथियों के संबंध में भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, ताकि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा,एसडीएम लोकांश एल्मा, तहसीलदार सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### यूथ हब लाभार्थियों को ऋण वितरण



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन द्वारा युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु सामाजिक निवेश नेटवर्क रंग दे के साथ की गई साझेदारी के अंतर्गत आज यूथ हब कार्यक्रम के लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया। इस पहल के तहत आठ युवा उद्यमियों को 50 हजार की ऋण राशि स्वीकृत की गई। संयुक्त जिला कार्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा चयनित युवाओं एवं महिलाओं को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए राशि का वितरण किया गया। यूथ हब कार्यक्रम का संचालन गीदम एवं दंतेवाड़ा विकास खंडों में लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा किया जा रहा है, जिसे क्लस्टर लेवल फेडरेशन के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है।

## मनरेगा से बेहतर, अधिक प्रभावी और पारदर्शी है विकसित भारत जीरामजी अधिनियम : अटामी

# यह अधिनियम गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलेगा : वेंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




भाजपा जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने

■ ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी

याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं।उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। वेंकट ने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियां प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन भी रुकेगा और कृषि उत्पादन को स्थिरता मिलेगी।

इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष नविन विश्वकर्मा, जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, कमला विनय नाग, जिला कोषाध्यक्ष मनीष सुराना, नगरपालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला प्रवक्ता दीपक बाजपेयी, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री रामु नेताम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी, एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष पिसे वट्टी, विधायक प्रतिनिधि राजेश, रुपन मंडल, राजेश बोरबन, भावना परघनीया, प्रियंका बेहरा, नितेश कुमार, राहुल सोनवानी, चेतन ठाकुर समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पारदर्शिता बढ़ेगी और मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा। यह अधिनियम ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन। जल संरक्षण, नदी-नालों के सुधार, कटाव रोकने तथा सिंचाई संरचनाओं के विकास जैसे कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं सतत आय के नए अवसर सृजित होंगे और पीएम गति शक्ति जैसी राष्ट्रीय योजनाओं को भी इससे बल मिलेगा। यह अधिनियम गांवों में टिकाऊ विकास, स्थायी रोजगार और समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा।

## शाउमावि मावलीभाटा की 25 छात्राएं साइकिल पाकर हुईं खुश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मावलीभाटा विकासखंड तोकापाल में चित्रकोट विधानसभा विधायक विनायक गोयल ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वी के छात्राओं को साइकिल वितरित किया।

संस्था के इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्कूली छात्र-छात्राओं तथा स्टॉफ के द्वारा विधायक का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया गया। मंच पर मां सरस्वती के छायाचित्र में तिलक, पुष्पमाला व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का गणेश किया। विधायक का स्वागत संस्था के प्राचार्य संजय कुमार वर्मा एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा ने किया। मंचासीन जनपद अध्यक्ष रामबती भंडारी एवं उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी समस्त जनप्रतिनिधियों, सरपंच मावलीभाटा व अधिकारियों का पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर समस्त स्टाफ ने स्वागत किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत व आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात विधायक के द्वारा सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा सरस्वती सायकल योजना की महत्वता की जानकारी दी गई। विधायक एवं अन्य प्रतिनिधियों ने पौधरोपण भी किया। अंत में शासन की महत्वपूर्ण योजना सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं के कुल 25 छात्राओं को साइकिल का वितरण विधायक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन निर्मल यादव ने किया। मंच संचालन संतोष कोर्राम ने किया।

कार्यक्रम में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी तरुण ठाकुर, संकुल समन्वयक पवन बहादुर एवं स्टाफ की उपस्थिति रही।

## ब्लॉकवार छग बचाओ पदयात्रा को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा प्रस्तावित ब्लॉकवार छत्तीसगढ़ बचाओ पद यात्रा को लेकर सोमवार के सुकमा कोण्टा ब्लॉक मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सुकमा जिला अध्यक्ष सुरेश कवासी की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

बैठक में आगामी 11 जनवरी 2026 से प्रारंभ होने वाली ब्लॉकवार छत्तीसगढ़ बचाओ पद यात्रा की रूपरेखा, ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियाँ, संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निर्धारण, जनसंपर्क अभियान, गांव-गांव जनसंवाद, पोस्टर-पंपलेट वितरण एवं मीडिया समन्वय जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस बैठक में सुकमा ब्लॉक अध्यक्ष शेख अब्दुल बसीर, कोण्टा ब्लॉक संगठन मंत्री शेख मीर मुत्ता ताती कोण्टा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कड़ती, शहीद अहमद, शेख इरफान, किरण सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके साथ ही जिला बॉडी से सुकमा जिला महासचिव सुमित वैश, जिला उपाध्यक्ष साहदेव कश्यप, गुड्डू कश्यप, बामन मुचाकी, देवा मुचाकी, हुंगा पोडियामी, गंगा कवासी, हिड़मा कवासी, लच्छू मरकाम, रब्बा कवासी, महेंद्र कवासी एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अंचलों की समस्याओं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बदहाली, बेरोजगारी को लेकर यात्रा

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह पद यात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता के अधिकारों, आदिवासी अंचलों की समस्याओं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बदहाली, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत जनआंदोलन होगी। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इस पद यात्रा के माध्यम से सीधे जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं को सामने लाएंगे और उन्हें केजरीवाल मॉडल ऑफ गवर्नेंस से अवगत कराएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पद यात्रा के दौरान प्रत्येक गांव में रुककर जनसंवाद एवं बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा अधिक से अधिक लोगों को आम आदमी पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। कोण्टा ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित यह बैठक पूर्णतः सफल रही और सभी उपस्थित साथियों ने एकजुट होकर छत्तीसगढ़ बचाओ पद यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## निधन

### मालती मिश्रा



**जगदलपुर।** भगतसिंह वार्ड निवासिनी मालती मिश्रा (82 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। सेवानिवृत्त एडीआईएस स्व. श्रीनिवास मिश्रा की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र मिश्रा की माता कुछ समय से अस्वस्थ थीं।

वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं। उनकी अंत्येष्टि आज स्थानीय खड़गघाट में की गई। जिसमें परिजन, समाज के लोग, पत्रकार एवं शहरवासी शामिल थे।

## सीएम की घोषणाओं के क्रियान्वयन को दें प्राथमिकता : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर देवेश ध्रुव ने मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाएं आम जनता की अपेक्षाओं से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी होती हैं, अतः इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मानव अधिकार आयोग से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र एवं तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की हस्ताक्षरित जानकारी समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि न्यायालयीन कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। बैठक में जिले में संचालित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की भी जानकारी ली गई। साथ ही आम नागरिकों से जुड़े सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान आवारा मवेशियों एवं आवारा कुत्तों की समस्या तथा मुक्तिधाम से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने और व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त कोटपा अधिनियम के अंतर्गत जिले में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू नियंत्रण कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, नियमित निरीक्षण करने तथा प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा पुनर्वास केन्द्रों की व्यवस्थाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

## जम्बूरी के लिए दल बालोद रवाना




**दंतेवाड़ा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की मेजबानी में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी का आयोजन 7 जनवरी से 13 जनवरी तक ग्राम दुधली बालोद में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेने हेतु दंतेवाड़ा जिले से 66 सदस्यीय दल आज 6 जनवरी को संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा से जिला बालोद के लिए रवाना हुआ। यह रवानगी कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में हुई। दल में 32 रोवर, 26 रेंजर तथा 8 प्रभारी, सहायक, रोवर लीडर,रेंजर लीडर शामिल हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया गया। उन्होंने सभी रोवरदूरेंजरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना एवं राष्ट्रीय एकता का विकास होता है। जिले के रोवरदूरेंजरों की इस राष्ट्रीय जम्बूरी में सहभागिता पर शिक्षा विभाग एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को सफल एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में जिले में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कुल 7694 नो-मैपिंग मतदाता चिन्हांकित किए गए हैं। 5 जनवरी तक 6023 नो-मैपिंग मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से नोटिस तामील कर दी गई है। शेष 1671 नो-मैपिंग मतदाताओं को भी बीएलओ के माध्यम से सुनवाई हेतु नोटिस तामील की कार्यवाही जारी है।

इसी क्रम में 5 जनवरी को जिले के 1205 मतदाताओं को आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के साथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर सुनवाई के लिए बुलाया गया। निर्धारित तिथि को 653 मतदाता उपस्थित हुए जिनकी विधिवत सुनवाई की गई।

## गणतंत्र दिवस और बस्तर पंडुम का होगा गरिमामय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर अमित कुमार ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले के समस्त विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पंचायत, आधार, निर्वाचन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बिंदुवार चर्चा करते हुए कलेक्टर ने समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और शत-प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर, एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर कुमार ने बताया कि शनिवार से जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन प्रारंभ किए जाएंगे। प्रतिदिन लगभग 40 मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने नियद नेल्ला नार ग्रामों को प्राथमिकता देते हुए मरीजों की शत-प्रतिशत मोबिलाइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन के बाद मरीजों को मुख्यालय में रहकर उपचार एवं देखरेख की व्यवस्था रहेगी।

आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए नवीन दरी उपलब्ध कराने तथा गैस कनेक्शन व नियमित रिफिलिंग की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सुपोषण अभियान के अंतर्गत टेक होम राशन एवं फर्स्ट ट्राइमेस्टर रजिस्ट्रेशन की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, समय पर एएनसी रजिस्ट्रेशन, दस्तावेजों का संधारण तथा गर्भवती महिलाओं को शासन की योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता एवं पौष्टिक आहार प्रदाय करने के निर्देश दिए। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में भर्ती माताओं को गर्म भोजन के साथ प्रतिदिन नाश्ता तथा दोपहर के भोजन में अंडा उपलब्ध कराने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा बेडशीट पर दिनवार नाम अंकित करने के निर्देश दिए गए।

## विशाल इमली पेड़ से फैक्ट्री की चिमनी की तरह निकलती आग देखकर घबराए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



दरभा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लेण्ड्रा में मंगलवार सुबह विशाल ईमली के पेड़ के उपरी तने से आग की लपट निकलते देख ग्रामीण दहशत में आ गए। आग बढ़ता ही जा रहा था तथा आसपास घर होने से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी खबर दरभा थाना में दी जिसके बाद मौके पर पहुंची दरभा पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने आग पर काबू पाया।

जानकारी के मुताबिक लेंड्रा ग्राम पंचायत के कांडकीगुडा पारा निवासी राजू बोटी के घर बाड़ा में लगे विशाल इमली के पेड़ के उपरी तने से आग की लपट निकलते देख ग्रामीण दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि रात में किसी समय किसी अज्ञात शख्स ने पेड़ के नीचे आग लगा दिया था। पेड़ का तना अदंर से खोखला होने से रात भर में आग बढ़ते हुए पेड़ के उपरी सतह तक पहुंच गई और धूं धूं कर जलने लगी। आस पास घर होने से ग्रामीण घबरा गए अगर पेड़ गिरता तो आस पास के घरों को भी चपेट में ले लेता। इसकी सूचना तत्काल दरभा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दरभा टीआई चाणक्य नाग एसआई द्वारिका प्रसाद मिश्रा, प्रधान आरक्षक यशवंत नरेटी आरक्षक पूनम ठाकुर, अतुल कुमार व लेखन कश्यप मौके पर पहुंचे और बढ़ते हुए आग को देखकर इसकी सूचना एसडीआरएफ को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल टीम ने घटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे के मृतक के परिजनों के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरूण वर्मा द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के दो प्रकरण में मृतक के परिजनों के लिए 25-25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। नरहरपुर तहसील के ग्राम भनसुली निवासी प्यारीबाई नेताम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण के उनके पति बिसनाथ नेताम के लिए 25 हजार रूपए तथा ग्राम राजपुर निवासी कौशल कुमार मरकाम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित रूपधु के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### धमतरी में होगी आर्मी भर्ती रैली 10 से 24 तक

**कांकेर।** जिला प्रशासन के सौजन्य से 10 से 24 जनवरी तक धमतरी के बाबू पंढरी राव कृदत्त इन्डोर स्टेडियम आमा तालाब धमतरी में आर्मी भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। जिन्होंने वर्ष 2025 में आर्मी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण किए हैं वे आवेदक इस आर्मी भर्ती रैली में सम्मिलित हो सकते हैं।

### दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना से चार दिव्यांग जोड़े हुए लाभान्वित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग की जनकल्याणकारी योजना दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के 4 दिव्यांग विवाहित जोड़ों को 50-50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से उनके खाते में अंतरित की गई, ताकि दिव्यांगजनों को जीवनयापन के लिए आर्थिक मदद मिल सके।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि जिले के दिव्यांग दंपति जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के ग्राम डुमरकोट निवासी सरोज सोनवानी, जनपद पंचायत नरहरपुर के ग्राम बरकई निवासी धीरेन्द्र कुमार सोनी, जनपद पंचायत चारामा के ग्राम जैसाकर्रा निवासी चित्रभान निषाद और ग्राम करिहा निवासी लीलावती सिन्हा को समाज कल्याण विभाग रायपुर द्वारा 50-50 हजार रूपए की एक मुश्त राशि उनके खाते में अंतरित की गई है। उक्त सहायता राशि प्रदाय किए जाने पर दिव्यांगजनों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ निवासी 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगजन जो आयकर दाता की श्रेणी में नहीं आते, उन्हें सामाजिक पुनर्वास की दृष्टि से आर्थिक सहयोग स्वरूप विवाह सम्पन्न होने की अधिकतम 06 माह के भीतर आवेदन करने पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। योजना के तहत आवेदक द्वारा जनपद पंचायत में आवेदन प्रस्तुत करने के बाद जनपद से परीक्षण उपरांत कलेक्टर की अनुशंसा पर संचालनालय समाज कल्याण द्वारा सहायता राशि हितग्राही के बैंक खाते में अंतरित की जाती है। योजनांतर्गत इस वित्तीय वर्ष में अब तक कांकेर जिले के सात दिव्यांग जोड़ों को लाभान्वित किया गया है।

### रोहिंग्या को रोकने शिवसेना ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**जगदलपुर।** राज्य के कवर्धा, अंबिकापुर, सरगुजा, रायगढ़, मोहला मानपुर आदि क्षेत्र में रोहिंग्या मुसलमान बर्तन, गद्दा, कुकर बनवाई और प्लास्टिक के सामनों को बेचने के बहाने शहरी क्षेत्र के आसपास और ग्राम पंचायत क्षेत्र में घूम रहे है। वहीं अपने लोगों को बुला कर अपनी संख्या बढ़ा रहे है । ऐसे लोगों की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग शिव सेना ने मुख्यमंत्री से की है। इस संबंध में शिवसेना के जिलाध्यक्ष कुंदन सिहं पाटिल सहित शिवसैनिकों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र अपर कलेक्टर सीपी बघेल को दिया है।

# निजी मोबाइल से हाजिरी निजता का हनन, एप पर रोक लगाने की मांग

## छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की समस्याओं एवं लंबित मांगों के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को तथा जिला स्तरीय समस्याओं के समाधान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को पृथक-पृथक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने विद्या समीक्षा केंद्र के सीजीव्हीएसके एप के माध्यम से निजी मोबाइल से शिक्षकों की अटेंडेंस को निजता का हनन बताते हुए उस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने माँग किया है कि निजी मोबाइल के स्थान पर शासन द्वारा वर्ष 2018-19 में प्रदत्त बायोमेट्रिक पंच मशीन से ही उपस्थिति ली जाए या पारंपरिक व्यवस्था बहाल की जाए। मुख्यमंत्री के नाम सौपे ज्ञापन में माँग किया है कि प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पेंशन सहित समस्त सेवा लाभ प्रदान किए जाने, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके एल.बी.संवर्ग के समक्ष शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान, शिक्षक से व्याख्याता पदोन्नति हेतु बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को ब्रिज कोर्स कराते हुए पदोन्नति दिया जाए। कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए स्थानीय मांग पत्र में युक्तियुक्तकरण के बाद अतिशेष शिक्षकों का रिक्त पदों पर समायोजन, लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान ग्रीष्मावकाश में चुनाव कार्य करने वाले शिक्षकों को अर्जित अवकाश का लाभ, अनुसूचित क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों को 10 दिवस अतिरिक्त अर्जित अवकाश, पंचायत संवर्ग के कार्यकाल का अर्जित अवकाश सेवा पुस्तिका में जोड़ने, 94 संशोधन प्रभावित प्रधान अध्यापकों का पदांकन यथावत रखने, त्रुटिपूर्ण वरिष्ठता सूची में सुधार कर प्रधान अध्यापक पदोन्नति सूची शीघ्र जारी करने की मांग रखी गई।

**लंबित पेंशन व देयकों का शीघ्र भुगतान हो**

कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के सेवानिवृत्त व्याख्याता एलबी जैनूलाल राणा के लंबित पेंशन व देयकों के शीघ्र भुगतान, जिले के प्राथमिक विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद ही एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित करने, शाउमावि बागोडार में व्याख्याता मंजू प्रजापति को मानसिक प्रताड़ना के मामले में प्रभारी प्राचार्य पर जांच एवं कार्रवाई तथा पिछले तीन वर्षों से लंबित परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने की मांग भी प्रमुख रही।



**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी, जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला, जिला सचिव संतोष जायसवाल, मीडिया प्रभारी कृष्णेंदु आइच, भोला प्रसाद ठाकुर, सत्यनारायण नायक, अनुप पुरबिया, मुकेश जैन, राजेन्द्र खुड़श्याम, डुमेंद्र साहू, नितेश उपाध्याय, तारक दास, गोपाल दीवान सहित शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आयोजन: समय सीमा की बैठक में दिए कई निर्देश

# आधार आधारित बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस की मानिटिरंग राज्य स्तर पर, जारी होंगे कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कलेक्टर ने धान खरीदी एसआईआर, ई-ऑफिस, बस्तर पण्डुम के आयोजन को लेकर की समीक्षा

समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने 1 जनवरी 2026 से सभी कार्यालयों में लागू आधार आधारित बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य रूप से समय पर दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इसकी निगरानी राज्य स्तर से की जा रही है तथा लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने एसआईआर अंतर्गत मतदाता सूची अद्यतीकरण कार्य में अंतागढ़ विकासखंड में नोटिस वितरण में आ रही समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त की और एसडीएम अंतागढ़ को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा में दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जा सके। उन्होंने सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। विशेष रूप से ब्लॉक स्तर पर ई-ऑफिस का उपयोग नहीं होने पर उन्होंने जनपद सीईओ को इसे गंभीरता से लेने को कहा। आगामी बस्तर पण्डुम आयोजन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने समाज प्रमुखों की बैठक लेकर पारंपरिक वेशभूषा, संस्कृति एवं सामाजिक गतिविधियों पर विकासखंडवार टीम गठित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी की स्थिति की समीक्षा करते हुए 7 जनवरी तक त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ई-ऑफिस, धान खरीदी, लंबित निर्माण कार्य, एसआईआर एवं बस्तर पण्डुम से संबंधित एजेंडों पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निष्क्रिय खातों को बंद कर राशि एक खाते में समायोजित करने, पुल-पुलिया, सड़क, भवन आदि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान वय वंदना, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम सहित अन्य लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएफओ हेमचंद पहारे, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेंद्र कुर्रे, एएस पैकरा, अरुण वर्मा सहित सभी अनुविभागीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा**

*समय-सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर ने 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का बेहतर समन्वय के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने विभागवार सौंपे गए दायित्वों की जानकारी दी।*

# चार थाना क्षेत्रों से 5 शराब कोचिया किए गए गिरफ्तार







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने एक साथ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। नए साल की शुरुआत में ही जिले के चार थाना क्षेत्रों में पुलिस की सख्त छापामार कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। 5 जनवरी को की गई इस संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब का कारोबार कर रहे 5 शराब कोचियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में महुआ शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरहरपुर थाना पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए ग्राम जामगांव निवासी उमेश पम्पार पिता श्याम को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 900 रुपये आंकी गई है। इसके अलावा सुरही थाना क्षेत्र में पुलिस ने सुरही निवासी प्रभुराम नेताम पिता मयाराम के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत करीब 700 रुपये बताई गई है, को जब्त किया। कोरर थाना पुलिस ने ग्राम तेलम्मा निवासी श्रीराम उईके पिता बरतियाराम को अवैध शराब रखने के आरोप में पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 1 हजार रुपये बताई गई है, के साथ ही 200 रुपये नकद भी जब्त किए गए। वहीं सरोना थाना पुलिस ने अंजनी निवासी वासु सोनी पिता राजू को अवैध रूप से शराब बेचते हुए धर दबोचा। इसी क्रम में पखांजुर थाना पुलिस ने पखांजुर निवासी मुन्नाराम नेतमा को अवैध रूप से शराब रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। उसके पास से भी 7 लीटर महुआ शराब जब्त की गई।

**चलाया जा रहा अभियान**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# आवासीय विद्यालय में आयोजित हुआ पालक-बालक सम्मेलन



**दुर्गुकोंदल।** आवासीय विद्यालय परिसर दुर्गुकोंदल में मंगलवार को पालक-बालक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य पालकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों के शैक्षणिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास को और अधिक सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष विशेष रूप से शामिल हुए और उन्होंने पालकों व शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आवासीय विद्यालय को केंद्र सरकार का विशेष सहयोग प्राप्त है। इस सहयोग के माध्यम से विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आवास, भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पालकों से अव्हान किया ककि वे अपने बच्चों की नियमित प्रगति पर ध्यान दें, उनकी कमियों को पहचानें और उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए विद्यालय के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। जनपद अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षक और पालक दोनों की साझा जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका सही और प्रभावी उपयोग होना चाहिए। पालकों को चाहिए कि वे बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके व्यवहार, स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर भी ध्यान दें। शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। लगन, मेहनत और समर्पण के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने से निश्चित रूप से बच्चों को सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालय बच्चों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं, जहां से वे आगे चलकर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं।

# जुआ खेलते 5 जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर पुलिस ने करियापहर तालाब के नीचे खेत किनारे जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को बीती रात को 11 बजे रंगे हाथों धर दबोचा। जुआरियों के कब्जे से नकदी रकम व ताश पत्ती जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुंआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

जानकारी के अनुसार नरहरपुर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम करियापहर तालाब के नीचे खेत की ओर कुछ लोग ताश पत्ती से रुपये-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस टीम ने तत्काल योजना बनाकर मौके पर दबिश दी। पुलिस को आता देख कुछ जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जबकि पांच जुआरियों को पकड़ने में पुलिस सफल रही। पकड़े गए जुआरियों में नरहरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बागडोंगरी निवासी 30 वर्षीय गजानंद निषाद पिता चैतराम निषाद, मर्रामपानी निवासी 45 वर्षीय भगवान सिंह पटेल पिता माखन पटेल, श्रीगुहान निवासी 28 वर्षीय लोकेश वट्टी पिता अवधराम, सारोना थाना अंतर्गत ग्राम मुड़पार निवासी 21 वर्षीय मिथलेश कुर्रे पिता संतलाल कुर्रे तथा हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम गितपहर निवासी 32 वर्षीय यंशवत सिंहा पिता पंचुराम सिंहा शामिल थे।



पुलिस जांच में सामने आया कि सभी जुआरी रात के अंधेरे में मोमबत्ती की रोशनी में जमीन पर छींटदार सफेद-काले और सफेद रंग का गमछा बिछाकर ताश के 52 पत्तों से रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से कुल 3 हजार 850 रुपए नकद एवं तास की 52 पत्तियां जब्त की हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान

# प्रतियोगिता की विजेता मंडली को किया पुरस्कार का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

धनेलीकन्हार के ग्राम पंचायत मरकाटोला में त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता शुभारंभ एक जनवरी को सरपंच मिथलेश कावड़े की अध्यक्षता में प्रभु श्रीराम की पुजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में समाज सेवी एंव जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी व उनके साथीयों के साथ शिरकत कर मानस मंच में ग्राम की चार वृद्ध माताओं का शाल श्री फल भेटकर सम्मान किया। विजेता मानस मंडली को नगद पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में 25 मानस मण्डलियों ने भाग लिया, जिसका समापन 4 जनवरी को कांकेर विधायक आशाराम नेताम के मुख्य अतिथ्य में हुआ। इस अवसर विधायक आशाराम नेताम ने कहा की यह ग्राम अपने आप मे एक पहचान है। यहाँ समरसता भाई चारा व्यवहारिक संस्कार से भरा पूरा गांव है, जिसमें लगातार जानोजात पिछले 14 वर्षों से एक मंच मे बिठाने का प्रयास किया है। यहां रामायण करने का उदेश्य यही है की यह गांव अयोध्या बने और अयोध्या बनने के साथ यहा के नव जवान साथीगण नशा पान से दूर रहे गांव के मुख्य धारा में चले। पढ़ने वाले बच्चे को गलत संगत और मोबइल से कम पड़ने मे ध्यान देवे साथ साथ माँ बाप से लगाव रखे संस्कार वान बने। कई लोग जाति परिवर्तन कर रहे है व धर्म परिवर्तन कर रहे हैं। ये हमारी सस्कृति नहीं है हमारी संस्कृति है गांव के शीतला मे पूजा करना मंदिर मे पूजा करना अपने इष्ट देवीं की पूजा करना यही हमारी सस्कृति है। प्रतियोगिता में पुरष वर्ग में प्रथम संगम मानस परिवार बलदेवपुर खैरागड़, द्वितीय अंजनी नंदन मानस परिवार धमनी राजिम, तृतीय हरिकेशमगलम मानस परिवार बागबागरा, चतुर्थ लव कुश मानस परिवार बोरसी धमतरी, पंचम श्रीरामचरितमानस परिवार खलना उड़ीसा रहा एवं महिला में प्रथम ममतामयी महिला मानस परिवार अरौद धमतरी, द्वितीय सीता राम सम्पूर्ण बालिका मानस परिवार भोथाली धमतरी, तृतीय माँ विंध्य वासनी महिला मानस परिवार सिरसिदा चारामा, चतुर्थ मनकेश्वरी महिला मानस परिवार टहका पार चारामा, पंचम देवी अराध्य महिला मानस परिवार पीथौरा महासमुंद रहा। इस प्रतियोगिता के निर्णायक बसंत नेताम, शिव नारायण हिरवानी, नरेंद्र दीपक, रामगुलाब पटेल, मंच संचालक लीला राम सिन्हा ने किया। उपसरपंच प्रिंस पाण्डेय ने कहा कि भविष्य मे ऐसै आयोजन होनी चाहिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तारणी बाबा ठाकुर, जिला भाजपा मंत्री अनूप सिंह राठौर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव, जनक नंदन कश्यप, जनपद सदस्य सरस्वती केमरो, पुर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, बंसी साहू, सेवक साहू, ईश्वर साहू, सरपंच मिथलेश कावडे, पंच प्रमिला खरागिया, देवबती साहू, हेमलता दीपक, किरण दीपक, पुष्पा हिचामी, रेखा हिचामी, संतोष कुमेटी, अनीता हिचामी, सरजू नरेटी, लछतिन साहू, भारत हिचामी, फगेश्वरी साहू, अध्यक्ष चमन यादव, मुकतेश्वर ठाकुर मुन्ना, सूबे सिँह धुर्वा, डॉ माखन गंजीर, मनीष पाण्डेय, मनीष साहू, बिरेश गंजीर, जागेश नाग, धाकेश गंजीर, आत्मा साहू उपस्थित रहे।



# चारपहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कांकेर अंतर्गत देवरी के राइस मिल के पास 5 दिन पहले हुई सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। घायल बेटे के पिता ने घटना की शिकायत कांकेर थाना में किया। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे मनकेशरी निवासी 65 वर्षीय भीखम देवांगन पिता स्व. बुधराम देवांगन ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी को मेरा बेटा विनोद देवांगन अपने दोस्त नरेश सारथी के साथ मोटर सायकल में सवार होकर निजी काम से भानुप्रतापपुर गया था। काम खत्म कर वापस घर ग्राम मनकेशरी कि ओर आ रहा था। तभी शाम करीबन 6 बजे देवरी के पास विपरीत दिशा से आ रही सफेद रंग की बोलेरो वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे बेटा विनोद देवांगन के दाहिने पैर मे चोट आया है और उसके दोस्त नरेश सारथी को हल्की चोटे आई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 18,500/-
10 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री तुंगनाथ महादेव, श्री त्रियोगीनारायण
20 अप्रैल, 03 मई, 12 मई, 18 मई, 27 मई, 30 मई, 04 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 18,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
Since-2007
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरुपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-16501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-26,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)